# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

दूरभाषः– **9473942572,** ई0–मेल **eeupjnrural22@gmailcom**


पत्रांक 1051 / M-8 / 110 / दिनांक 8.9.2026

सेवा में

जिलाधिकारी महोदय
जनपद–बरेली।

विषय : **दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 08.09.2026 को प्रकाशित खबर बरेलीः पानी में बह गई 3.97 करोड़ की परियोजना, जल जीवन मिशन की टंकी किच्छा नदी में समाई, देखें वीडियो के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली /समाचार पत्र अमर उजाला बरेली, दिनांक 08.09.2026 के सन्दर्भ में वांछित आख्या निम्न प्रारूपं पर प्रेषित है–

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | समाचार पत्र का नाम/प्रकाशन का दिनांक | समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण | विभाग/जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली | अमर उजाला दिनांक 08–09–2026 | **बरेली: पानी में बह गई 3.97 करोड़ की परियोजना, जल जीवन मिशन की टंकी किच्छा नदी में समाई ; देखें वीडियो -**  बरेली: पानी में बह गई 3.97 करोड़ की परियोजना, जल जीवन मिशन की टंकी किच्छा नदी में समाई; देखें वीडियो | सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 में जनपद बरेली के विकास खण्ड शेरगढ की बैरमनगर पेयजल योजना में **प्रशासन के द्वारा उपलब्ध करायी गयी निःशुल्क भूमि गाटा संख्या–1233 पर अनुबन्धित संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0** द्वारा कार्य प्रारम्भ कराया गया था। कार्य प्रारम्भ के समय जलकल परिसर से किच्छा नदी की दूरी लगभग 150 मी0 थी। प्रस्तावित भूमि फ्लड–जोन में नहीं थी। बैरमनगर पेयजल योजना के अन्तर्गत 1 नग अवर जलाशय (325 KL/16m), 30% पूर्ण, पम्प हाउस पूर्ण, नलकूप पूर्ण, बाउन्ड्रीवॉल पूर्ण, पाइप लाइन 14.69 कि0मी0 के सापेक्ष 13.72 कि0मी0 एवं 1552 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 1223 नग गृह संयोजन किये जा चुके है। तदोपरांत वर्ष 2024 में किच्छा नदी के तेज कटान के कारण जलकल परिसर से नदी की दूरी घट कर 62 मी0 रह गयी थी। जिस कारण सुरक्षात्मक दृष्टि से अवर जलाशय का निर्माण कार्य तत्समय रोक दिया गया था एवं सम्बन्धित कार्यदायी संस्था द्वारा नदी की तरफ की बाउन्ड्रीवाल में कटान रोकने के | |

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

**दूरभाषः— 9473942572, ई0—मेल eeupjnrural22@gmailcom**


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सुरक्षात्मक उपाय किये गये लेकिन इस वर्ष गोला बेराज से नदी में पानी छोडे जाने से हो रहे अत्याधिक कटान के कारण जो अस्थाई सुरक्षात्मक उपाय किये गये वह भी विफल हो गये तथा जलकल परिसर की बाउन्ड्रीवाल एक तरफ से 30 मी0 क्षतिग्रस्त हो गयी। योजनान्तर्गत पम्प हाउस में अधिष्ठापित नलकूप सामग्री, डी0 जी0 सेट एवं सोलर पैनल को तत्काल सुरक्षित स्थान पर स्थानान्तरित करा लिया गया है।<br>आज दिनांक 08.09.2026 की प्रातः 06:17 बजे नदी द्वारा अत्याधिक कटान किये जाने के कारण पेयजल योजना का निर्माणाधीन अवर जलाशय नदी में ढह गया। उक्त कैम्पस को पूर्व से ही सावधानी बरतते हुए बैरिकेड कर दिया गया था। | |

भवदीया

(आकांक्षा सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपि— सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता, (मु0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, मुरादाबाद।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, बरेली।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।
5. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता